हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 22 अगस्त 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार:

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा - भारत ने उत्पादन को दंडित करने की बजाय पीएलआई योजना के माध्यम से पुरस्कृत करने का काम किया।
- भारतीय जनता पार्टी वंदे मातरम के प्रति जागरूकता फैलाने और इसके गायन को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान चलाएगी।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब में आम आदमी पार्टी द्वारा पिछले चुनाव के समय महिलाओं व युवाओं से किए वादे न निभाने का आरोप लगाया।
- हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित - तीनों स्तर का कुल परिणाम 16.57 प्रतिशत रहा।
- कुरुक्षेत्र में गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में 183 प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत ने लाइसेंस राज के दौरान उत्पादन को दंडित करने के अपने दृष्टिकोण में मौलिक परिवर्तन किया है। अब उसके स्थान पर सरकारी प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव - पीएलआई योजना के माध्यम से इसे पुरस्कृत किया जाता है। इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम-2026 को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने पिछली सरकारों की उस सोच की आलोचना की, जिसमें जानबूझकर चीजों की कमी बनाए रखी जाती थी, ताकि लोगों को सरकार पर निर्भर रखा जा सके। शासन की सोच में परिवर्तनकारी बदलाव का

उल्लेख करते हुए, प्रधानमंत्री ने नकारात्मक प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव मॉडल की तुलना वर्तमान पीएलआई योजना से की।

*जहां पहले प्रोडक्शन बढ़ाने पर पनिशमेंट मिलता था, वही आज हमारी सरकार प्रोडक्शन बढ़ाने पर इंसेंटिव दे रही है। पी.एल.आई स्कीम की सक्सेस दुनिया देख रही है सिर्फ एक योजना की वजह से करीब ाई लाख करोड़ रुपए का एक्चुअल इन्वेस्टमेंट हुआ है। 22 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का प्रोडक्शन और सेल्स हुई 15 लाख करोड रुपए से ज्यादा का एक्सपोर्ट हुआ है और 14 लाख से ज्यादा डायरेक्ट और इनडायरेक्ट जॉब बनी है।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार सप्तधारा पर विशेष ध्यान दे रही है। इसमें विनिर्माण, प्रौद्योगिकी और हरित अर्थव्यवस्था सहित सात प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं।

**********

केंद्र सरकार ने टेलीविजन चैनलों के लिए विज्ञापन की 12 मिनट की अधिकतम अवधि की सीमा हटाने की अधिसूचना जारी कर दी है। यह फैसला केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 में संशोधन को राजपत्र में अधिसूचित किए जाने के साथ लागू हो गया है।

इससे पहले सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने एक बयान में कहा था कि टेलीविजन प्रसारण क्षेत्र में हुए बदलावों को देखते हुए विज्ञापन की अवधि से जुड़े प्रावधानों की समीक्षा करने की जरूरत महसूस की गई। मंत्रालय ने कहा कि भारत में टेलीविजन क्षेत्र विज्ञापनों पर काफी निर्भर है, चाहे कोई चैनल 'पेड' हो या 'फ्री-टू-एयर' हो ।

**********

भारतीय जनता पार्टी वंदे मातरम के प्रति जागरूकता फैलाने और इसके गायन को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान चलाएगी। नई दिल्ली में आज पत्रकारों से बातचीत में भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि यह निर्णय पार्टी के नव नियुक्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों की पहली बैठक में लिया गया।

प्रवक्ता ने कांग्रेस पार्टी के मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कथित तौर पर दो श्लोकों के बाद राष्ट्रगीत वंदे मातरम का पाठ रोकने का आरोप लगाते हुए कड़ी आलोचना की। श्री पात्रा ने कहा कि कांग्रेस ने हाल में एक प्रस्ताव पारित किया है, जिसमें वर्ष 1937 के अपने प्रस्ताव का हवाला देते हुए वंदे मातरम् के केवल पहले दो श्लोकों के गायन की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का राष्ट्रगीत की अवहेलना करने का प्रयास सफल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने भी वंदे मातरम गाने की बात कही थी। पात्रा ने कहा कि वंदे मातरम राष्ट्र का मंत्र है और इसका उद्देश्य हिंदू और मुसलमानों को विभाजित करना नहीं है।

**********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब में आम आदमी पार्टी द्वारा पिछले चुनाव के समय महिलाओं व युवाओं से किए वादे न निभाने का आरोप लगाया है।

मुख्यमंत्री ने आज पटियाला जिले के घनौर कस्बे में आयोजित तीज महोत्सव में पंजाब की मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी ने महिलाओं से हर महीने 1000 रुपये देने का वादा किया था और अब अगले

चुनाव सिर पर आ गए हैं तब भी पंजाब के मुख्यमंत्री मंच से महिलाओं से पूछ रहे हैं कि कितने महीने के पैसे खाते में डाले जाएं। उन्होंने सवाल किया कि यह मातृशक्ति से मजाक नहीं तो और क्या है? मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था की खराब हालत के चलते पंजाब से उद्योगों द्वारा पलायन करने और युवाओं के सामने रोजगार का संकट खड़ा होने का आरोप भी लगाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हताश-निराश युवा लगातार नशे के दलदल में धंसता जा रहा है।

उन्होंने महिलाओं को कोथलियां और सूट वितरित किए तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली महिला कलाकारों को सम्मानित किया। इस अवसर पर हरियाणा के पूर्व मंत्री श्री असीम गोयल, तीज महोत्सव के संयोजक श्री विकास शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**********

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षा के तीनों स्तर का कुल परिणाम 16.57% रहा।

हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड ने परीक्षा परिणाम वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। बोर्ड प्रवक्ता ने बताया इस बार लगभग 1 लाख 92000 अभ्यर्थियों ने प्राथमिक अध्यापक, टीजीटी और पीजीटी के लिये यह परीक्षा दी थी।

31,847 अभ्यर्थियों ने परीक्षा पास की है, जबकि 30883 अभ्यर्थियों ने बायोमेट्रिक कराया था। प्रवक्ता ने कहा कि बायोमेट्रिक से वंचित 964 अभ्यर्थियों को एक और मौका मिलेगा। बोर्ड ने कहा कि अब जिला मुख्यालय नहीं, बोर्ड परिसर में बायोमैट्रिक्स होगा।

**********

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने आज कुरुक्षेत्र में हरियाणा दशनाम गोस्वामी समाज सभा द्वारा गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में समाज के 183 प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इनमें 168 विद्यार्थी दसवीं में 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत से ऊपर अंक लेने वाले और 15 विभिन्न खेलों में समाज का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी शामिल रहे।

श्री कृष्ण बेदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी तुलसीदास जी सर्वश्रेष्ठ संतों में शामिल है जिन्होंने रामचरित मानस जैसे महान ग्रंथ की रचना की। उन्होंने लोगों को जागृत करने और समाज में चेतना लाने का काम किया। उन्होंने नागरिकों से महान संतों व महापुरुषों के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने हरियाणा दशनाम गोस्वामी समाज सभा को धर्मशाला निर्माण कार्य के लिए 21 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री से मिलकर कुरुक्षेत्र शहर में गोस्वामी तुलसीदास के नाम पर चौक का निर्माण करवाए जाने का आश्वासन भी दिया।

कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में श्री बेदी ने बताया -

**********

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल □ांडा ने आज चरखी दादरी में कैप्टन जिले सिंह स्कूल परिसर में 59वीं तीन दिवसीय राज्य स्तरीय स्कूली कबड्डी खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान श्री महीपाल □ांडा व विधायक सुनील सतपाल सांगवान ने प्रदेशभर से आए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें जीत का आशीर्वाद दिया और उनका उत्साहवर्धन किया। तीन दिवसीय खेल स्पर्धा में प्रदेश के सभी जिलों से 14, 17 एवं 19 आयु वर्ग की कबड्डी टीमें हिस्सा ले रही हैं।

**********